>

Title: Need to expedite the four-laning of N.H.-6 between Amrawati and Dhulia in Maharashtra.

श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव): मैं सरकार का ध्यान एक गंभीर एवं चिंताजनक विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि महाराष्ट्र में एनएच-6 अमरावती से धुलिया तक फोर लाइन रोड़ बनाने के लिए एनएचएआई ने बी.ओ.टी. आधार पर लगभग 280 किमी. दूरी और लगभग 2 हजार करोड़ रूपये का टेंडर निकालकर उसे आवंटित कर दिनांक 6 जून, 2012 को एग्रीमेंट की प्रक्रिया भी पूरी कर ली है। उसके बाद भी आज तक उस पर काम शुरू नहीं हो सका है। मेरा सरकार से निवेदन है कि मेंटेनेन्स के नाम पर 12.06.2012 से आज तक जो भी काम हुआ है, उसकी पूरी तरह से जांच की जाए।

मेरा केन्द्र सरकार से निवेदन है कि उपरोक्त मार्ग पर फोर-लेनिंग का कार्य शीघ्रातिशीघ्र शुरू किया जाए।